सी0बी0एस0ई0,नई दिल्ली से सम्बद्वता हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गमन हेतु स्थलीय निरीक्षण आख्या–

1. विद्यालय का नामः–विस्टेरिया एकेडमी सागर रोड चौका बाग ललितपुर।
2. निरीक्षण की तिथिः– 08.01.2020
3. **आवेदन पत्र प्राप्त होने की तिथिः–** संस्था प्रबन्धक ने अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनॉक–21.12.2019 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। आवेदन पत्र शासनादेश दिनॉक–30.11.1991 के प्रतिबन्धो को अंकित करते हुए प्रबन्धक द्वारा प्रस्तुत किया गया है।
4. **आवेदन शुल्कः–** निर्धारित शुल्क विलम्ब सहित रूपया 10,100.00 भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा,झॉसी मे चालान संख्या–IR00045 दिनॉक–27 सितम्बर, 2019 द्वारा जमा किया गया है। चालान की प्रति संलग्न है।
5. **सोसायटी का पंजीकरणः**–भविष्य विकास सोसायटी म0नं0 43 लक्ष्मीपुरा–1 ललितपुर के नाम से पंजीकृत है। जिसका पंजीकरण संख्या–1304/13–14 दिनॉक–10.03.2014 को निर्गत हुआ है तथा नवीनीकरण संख्या–जे0–56/2019 दिनॉक–09.03.2019 से पॉच वर्ष की अवधि के लिए नवीनीकरण किया गया है।
6. **विद्यालय स्थापित किये जाने की क्षेत्रीय आवश्यकताः–** विद्यालय हाईवे के निकट ललितपुर–सागर रोड पर स्थित है। निकटवर्ती ललितपुर एवं आस पास के ग्रामीण क्षेत्र की आबादी के मध्य सी0बी0एस0सी0 अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की आवश्यकता है।
7. **शिक्षक एवं कर्मचारीः–** संस्था में प्रधानाचार्य के अतिरिक्त 17 शिक्षक/शिक्षिकाएं कार्यरत है, जिनकी सूची संलग्न है। संस्था प्रबन्धन को विद्यालय संचालन हेतु आवश्यकतानुसार कार्यालय स्टाफ एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती किये जाने हेतु निरीक्षण के समय निर्देश दिये गये है।
8. **वेतन एवं सेवा शर्तेः–** शिक्षक/शिक्षिकाओं तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियो को लमशम वेतन भुगतान किया जा रहा है। संस्था प्रबन्धन को शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को शासन द्वारा स्वीकृत वेतनमान बैंक के माध्यम से भुगतान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। आवेदन पत्र में कर्मचारियों की सेवा शर्ते बनाने तथा उन्हे राजकीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओ के कर्मचारियों को अनुमन्य वेतनमानो तथा अन्य भत्तों से कम भुगतान न किये जाने की शर्त शासनादेश दिनॉक–30.11.1991 में अंकित प्रतिबन्धों के अनुसार स्वीकार की गई है।
9. **भूमिः–** संस्था अध्यक्ष/सोसायटी के नाम 30 वर्ष के किरायेनामे पर सागर रोड ललितपुर, तहसील व जिला ललितपुर में कुल एरिया 8361.00 वर्गमीटर है। प्लाट आराजी नं0 2999 वार्ड नं0 21 में स्थित है।
10. **भवनः–** विद्यालय भवन में निर्मित कक्षों की माप एवं उनके उपयोग का विवरण निम्नवत् है।

क0सं0	कक्षो की सं0	माप फीट में	उपयोग
1	2	3	4
1	13	29.8×26.5	कक्षा–कक्ष
2	02	29.8×26.5	प्रयोगशालायें
3	01	29.8×26.5	पुस्तकालय
4	01	29.8×26.5	कम्प्यूटर कक्ष
5	01	29.8×26.5	प्रधानाचार्य/कार्यालय कक्ष

11. **प्रयोगशाला/पुस्तकालय/शिक्षण एवं खेल सामग्रीः–** विद्यालय में प्रयोगशालायें निर्मित है जिसमें उपकरण तथा सहायक सामग्री एवं पर्याप्त फर्नीचर उपलब्ध है। पुस्तकालय है जिसमें 1500 से अधिक पुस्तके उपलब्ध है। विद्यालय में शिक्षण सामग्री के अन्तर्गत ग्लोब, मानचित्र, कम्प्यूटर, शैक्षिक खिलौने तथा खेल उपकरण भी उपलब्ध है।
12. **छात्रांकनः–** विद्यालय में 250 छात्र/छात्राएं पंजीकृत है।